क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर में दिनांक 12-09-2017 को अपराह्न 4.15 बजे आयोजित 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की बैठक का कार्यवृत । यह बैठक 'सामाजिक विज्ञान और मानविकी शिक्षा विभाग' के 'सेमिनार कक्ष' में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता, प्रभारी प्राचार्य, प्रो. महेंद्र कुमार सतपथी ने की । इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए –

1.प्रो. महेंद्र कुमार सतपथी, प्रभारी प्राचार्य
2.प्रो. अनूप कुमार, समन्वयक सदस्य
3.प्रीतीश आचार्य, अध्यक्ष, सा.वि.मा.शिक्षा विभाग
4.सुश्री शम्पा दास,ग़ैर आवासी वार्डन, रामानुजन छात्रावास
5.डॉ.एलिज़ाबेथ गंगमैयी, आवासी वार्डन, आशुतोष छात्रावास
6.श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय
7.डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
8.श्रीमती पद्मजा प्रधान, स्नातकोत्तर हिंदी अध्यापिका
9.श्री पुष्कर बेहेरा, प्रभारी, प्रशासनिक अधिकारी
10.श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना अनुभाग)
11.श्री पंकज कुमार मिश्र, प्रशिक्षित स्नातक हिंदी अध्यापक

बैठक के आरंभ में, समन्वयक सदस्य प्रो. अनूप कुमार ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया । उन्होंने सदस्यों को सूचित किया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति , भुवनेश्वर द्वारा दि. 30 और 31 अगस्त 2017 को 'राजभाषा बैठक और कार्यशाला' भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर में आयोजित हुई जिसमें इस संस्थान की ओर से प्रो. प्रकाश चन्द्र अग्रवाल , प्राचार्य , प्रो. अनूप कमार और श्री प्रदीप कुमार राय ने प्रतिभागिता की । इस बैठक में हुई चर्चा के अनुसार नराकास में, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर का पंजीकरण किया जाना और छमाही प्रगति रिपोर्ट समय से भेजे जाने की अनिवार्यताहै । साथ ही, इस संस्थान के अधिकारियों / कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाना अनिवार्य है । इसके लिए शीघ्र ही 'रोस्टर' बनाया जाना अपेक्षित है ।

पिछली तिमाही बैठक का प्रस्ताव था कि ई-गवर्नमेंस के तहत संस्थान में फ़ाइल सूची-क्रम को हिन्दी में बनाया जाए । इस प्रस्ताव के बारे में श्री प्रदीप कुमार राय ने सूचित किया कि फ़ाइल सूची तैयार की जा रही है । उन्होंने सुझाव दिया कि हर विभाग / अनुभाग में एक ऐसा रजिस्टर होना चाहिए जिसमें हिन्दी में प्राप्त पत्रों और उन पत्रों के भेजे उत्तर का ब्यौरा हो जिससे तिमाही या छमाही प्रगति रिपोर्ट में तत्संबंधी वास्तविक आंकड़े भेजे जा सकें । उन्होंने सूचित किया कि स्थापना अनुभाग में सारी मोहरें द्विभाषी कर दी गयी हैं ।

श्री पंकज कुमार मिश्र ने सदस्यों को सूचित किया कि संस्थान में दि. 8 से 22 सितंबर, 2017 की अवधि में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है । डॉ. पुष्पलता नेगी ने जानकारी दी कि हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन की अवधि में पुस्तकालय में हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी दि. 14 -15 सितंबर 2017 को लगाई जाएगी।

प्रो. अनूप कुमार ने सदस्यों को अवगत कराया कि द्विभाषी 'कार्यालयी शब्दावली ' संस्थान की वेबसाईट में डाल दी गयी है और कार्यालयी काम में इसका उपयोग किया जा सकता है । उन्होंने सुझाव दिया कि सभी द्विभाषी फ़ॉर्म्स संस्थान की वेबसाईट में डाल दिए जाएं जिससे कार्यालय में हिन्दी का अपेक्षाकृत अधिकाधिक व्यवहार हो।

(कृ.प. उ.

प्रो. महेंद्र कुमार सतपथी, प्रभारी प्राचार्य महोदय ने राजभाषा संबंधी कार्य को और गति देने की आवश्यकता पर बल दिया । अंत में, डॉ. पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

प्राचार्य

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान(रा.शै.अनु.प्र.प.), भुवनेश्वर

ज्ञापन सं.

1. 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' के सदस्यों को
2. प्राचार्य के निजी सहायक को
3. कार्यालय प्रति ।